भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 464**

उत्तर देने की तारीख 03 दिसंबर, 2025 (बुधवार)

12 अग्रहायण, 1947 (शक)

**प्रश्न**

**बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के लिए आवंटित निधि**

**464. श्री जयन्त बसुमतारीः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि केन्द्र सरकार से निधि का एक बड़ा हिस्सा अभी भी जारी किया जाना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) से (ग) भारत सरकार, असम सरकार और असम के बोडो समूहों के बीच दिनांक 27.01.2020 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओएस) की शर्तों के अनुसार, सरकार द्वारा तीन वर्षों के लिए 750 करोड़ रुपये का एक विशेष विकास पैकेज (एसडीपी) अनुमोदित किया गया था। इस पैकेज के कार्यान्वयन का आरंभ वर्ष 2023-24 में हुआ।

इस पैकेज के तहत अब तक 403.15 करोड़ रू. की लागत वाली कुल 08 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है और अब तक उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने 272.67 करोड़ रू. की लागत वाले 06 संकल्पना नोट्स को सैद्धांतिक अनुमोदन दिया है।

बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) के पूर्व में मंजूर किए गए विशेष विकास पैकेज (एसडीपी) के साथ-साथ उपर्युक्त विशेष विकास पैकेज के अंतर्गत बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) को पिछले तीन वर्षों में कुल 29.14 करोड़ रुपये जारी किए गए।

इसके अलावा, असम के बीटीआर सहित उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की अन्य स्कीमों जैसे पूर्वोत्तर परिषद की स्कीमों, उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (सड़क) और उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (सड़क अवसंरचना के अलावा) के तहत भी पूर्वोत्तर राज्यों को निधि जारी की गई है।

निधि जारी करने के प्रस्तावों पर तभी कार्रवाई की जाती है, जब राज्य सरकार उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के पूर्वोत्तर विकास सेतु पोर्टल के माध्यम से सभी आवश्यक सहायक दस्तावेज जैसे कार्य आदेश, उपयोगिता प्रमाण-पत्र, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, निरीक्षण रिपोर्ट, कार्य योजना, ज़ीरो बैलेंस प्रमाण-पत्र, ज़ीरो बैलेंस सब्सिडियरी खाता आदि के विवरणों के साथ औपचारिक मांग अनुरोध प्रस्तुत करती है।

*****